तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

11 जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं : विधायक ध्रुव



12 प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर पक्की छत हो यही पीएम...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# मवेशियों को जानबूझकर सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## पशुओं को खुले में न छोड़ने ग्रामीणों को बैठक में दी जायेगी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- आवारा एवं पालतु पशुओं को अलग-अलग रंगों से किया जायेगा टैगिंग

सड़कों में घुमंतु पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए बनाये गये संयुक्त दल के सदस्यगण शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पशुओं को सड़कों को हटाने विशेष अभियान चलाया जाए। जानबुझकर अपने मवेशियों को सड़कों में आवारा घुमने के लिए छोड़ने वाले पशु मालिकों पर भी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में जाकर आमजनों तथा पशुपालकों की बैठक लेकर उन्हें आवारा एवं पालतु पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी देकर अवगत कराएं। पशुओं को सड़क पर नहीं छोड़ने के संबंध में जागरूक करें। साथ ही किसी पशु मालिक द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं किये जाने पर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में भी अवगत कराएं। पशु नियंत्रण दल के सदस्यों को कहा कि पंचायतवार पशु पालकों को सूचीबद्ध करें। साथ ही आवारा पशुओं को चिन्हांकित कर सूचीबद्ध करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को ▶▶|शेष पेज 10 पर



### सड़कों में पशुओं के दिखने पर तत्काल कार्रवाई करें

सड़क किनारे या आसपास किसी शासकीय सूखा स्थल का चिन्हांकन करें, जहां पर पशुओं को रखने की आवश्यक व्यवस्था की जा सकें। इस कार्य हेतु संबंधित नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों में कार्यरत सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, एनजीओ आदि का सहयोग भी लिया जायें। आवारा पशुओं को गौशाला में स्थानांतरित किये जाने के लिए गौशाला प्रमुखों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई किया जायें। प्रत्येक नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत में एसओपी तैयार करें, जो सड़कों में पशुओ के दिखने, मिलने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर सकें। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को हेल्पलाईन नंबर जारी करने एवं मॉनिटरिंग एप्प का भी निर्माण करने के निर्देश दिए। जिससे कि आवारा पशुओं के संबंध में सूचना मिल सकें एवं तत्काल कार्यवाही की जा सकें। कलेक्टर ने सड़कों को आवारा पशुओं को हटाने के लिए सड़कों में अत्यधिक मवेशी जमाव वाले स्थलों का चिन्हांकन कर विभागों को संयुक्त रूप से सक्रियतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## दहशत : कई कच्चे मकानों और झोपड़ियों को तोड़ा, ग्रामीणों ने बचने के लिए पक्के आवास का सहारा लिया

# हाथियों का आतंक लगातार जारी, धान की फसल को रौंदकर किया क्षतिग्रस्त







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम दबनई, छिन्दौला, लूठापारा, धोबीपारा, कोयलीबेडा सिंहार गिरहोला रामपारा सहित लगभग एक दर्जन ग्रामों में पिछले दस दिनों से जंगली हाथियों का दल जमकर उत्पात मचा रहा है, और ग्रामीणों के कई कच्चे मकानों और झोपडियों, खेत खलियानों को तोड़-फोड़ किया है। ग्रामों में झोपडीनुमा कच्चे मकान होने के कारण जब भी हाथियों का दल गांव के भीतर अचानक आ धमकता है, तो ग्रामीण इससे बचने के लिए पक्के आवास के छतों का सहारा लेते हैं। हाथियों के आंतक से बचने के लिए ग्रामीण इन पीएम आवासों के ऊपर झिल्ली व पॉलीथिन से टेंट बनाकर बारिश के दिनों में भी अपना गुजर बसर करते दिखाई दे रहे हैं।

### मुआवजा की मांग को लेकर मैनपुर पहुंचे किसान

हाथी प्रभावित ग्राम के ग्रामीण कपिलास, लयसिंह,यमुना बाई यमराज, गौरी बाई, पार्वती घुरवाराम ,भरत, मयाराम, जगदीश, पालेश्वर, तोरण, देवकुंवर, हरेश सहित कई ग्रामीण मैनपुर पहुंचकर जनपद एवं वनविभाग में आवेदन देकर बताया कि हाथियों का दल पिछले 15 दिनों से मैनपुर के आसपास जंगल के ग्रामों में 40 की संख्या में पहुंचकर जमकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने फसल क्षति मुआवजा की मांग किया है।

### हाथियों के दल ने रातभर डाला डेरा, दहशत में गुजरी रात

गुरूवार को हरिभूमि टीम ने हाथी प्रभावित ग्राम कुयलीबेड़ा, सिंहार, चलकीपारा, बुढ़ार रामपारा आदि ग्रामों में पहुंच कर जायजा लिया तो कोयलीबेड़ा के ग्रामीण भानु शंकर पाड़े, रिपुसुदन,भोलाराम, लायसर ने बताया बुधवार शाम 05 बजे ही हाथियों का दल ग्राम कोयलीबेड़ा पहुंच गया। इस पारा में मात्र तीन घर हैं। ग्रामीण शाम से ही जो घर भीतर घुसे वे सुबह तक घर से निकल नहीं पाए। हाथियों का दल घरों को चारों तरफ से घेरा और चिंघाड़ रहा था। रात भर ग्रामीण दहशत में रात गुजारे सुबह हाथियों का दल जंगल की तरफ लौटा। पूरे कोयलीबेड़ा के आसपास हाथियों ने जमकर आतंक मचाते हुए किसानों के धान फसल को बुरी तरह से रौंध दिया है। कोयलीबेड़ा के ग्रामीणों ने बताया उनके मकान कच्चे है। उन्हे प्रधानमंत्री आवास दिया जाना चाहिए जिससे हाथियों से सुरक्षा हो सके। वहीं इस गांव के लोगों के पास हाथियों के दल से बचाव के लिए मिट्टी तेल, मशाल और टार्च तक नहीं है जिसके कारण ग्रामीण रातभर घरों के भीतर भुखे प्यासे रहे ग्रामीणों में फिर हाथियों का आने का दहशत देखने को मिल रहा है।

### कर रहे हैं सर्चिंग

देर रात तक वन विभाग एवं हाथीमित्र दल के सदस्य हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को मुनादी के माध्यम से सूचना दे रहे हैं। वनविभाग के अधिकारी राजेन्द्र सोरी ने बताया की हाथियों का दल मैनपुर क्षेत्र के जंगल में पिछले एक सप्ताह से रूके हुए हैं। लगातार विभाग द्वारा ग्रामीणों को सूचित किया जा रहा है फसल क्षति का मुआवजा दिया जा रहा है।

-राजेन्द्र सोरी, एसडीओ

## महिला आरएचओ की मूल पदस्थापना की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- रुवाड के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार

रसेला से 5 किमी दूर उपस्वास्थ्य केन्द्र रूवाड में महिला आरएचओ चमेली दीवान की मूल पदस्थापना को लेकर रुवाड ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच भुवेंद्र मरकाम जी के नेतृत्व में वर्तमान सरपंच एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर दीपक अग्रवाल जी से मुलाकात कर लिखित आवदेन दिया है। उक्त आवदेन में बताया गया है कि चमेली दीवान को उप स्वास्थ्य केंद्र रुवाड में आरएचओ के पद पर कार्य करने का मूलपदस्थापन वर्ष 2016-17 में आदेश जारी किया गया था। लेकिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा चमेली दीवान को नावाडीह उप स्वास्थ्य केंद्र में संलग्न कर दिया गया था इस बात की जानकारी भुवेंद मरकाम पूर्व उपसरपंच को पता चलने पर ग्रामीणों से चर्चा कर आपसी सहमति से विचार कर महिला आरएचओ चमेली दीवान को उप स्वास्थ्य केंद्र रुवाड़ में वापसी कर ग्राम वासियों की बेहतर स्वस्थ्य सेवा के लिए मूल स्थान पर ज्वायनिंग कराने करने आवेदन किया गया है। मरकाम ने बताया कि रुवाड़ सब सेंटर में आसपास के सभी चार से पांच हजार लोग स्वस्थ सेवा का लाभ लेते हैं। जिसमें कई ग्राम सम्मिलित है और स्वस्थ्य अमला की कमी है फिर भी यहां विभगीय आधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों के बिना जानकारी के मनमानी कर अन्यत्र केंद्रों में कार्य करने हेतु संलग्न किया गया है जिससे यहां के लोगों को आर्थिक परेशानी होती है और स्वस्थ्य सेवा के लिए बाहर जाना पड़ता है। उक्त परेशानी को देखते हुए जिलाधीश ने ग्रामीणों को संबोधित ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बेलर में सावित्री मंडावी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**छुईहा बेलर।** संस्कृति एवं राजभाषा विभाग छत्तीसगढ़ की सौजन्य एवं विधायक रोहित साहू के अनुशंसा से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच सावित्री मंडावी कृत लोक साधना जगराता ग्रुप का दर्शकों की मनोरंजन के लिए 11 अक्टूबर को बेलर शारदा चौक के संयोजन में कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी पूर्व उपसरपंच बेलर खोमन साहू ने दी।



### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने ग्राम सोनापुटी चौक के पास बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रार्थी चंद्रशेखर धीवर ने पुलिस को बताया है कि सोमवार के दिन मेरे बड़े भैया मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएम-9724 से मनबाय से खोपली पड़ाव जा रहे थे। ग्राम सोनापुटी चौक के पास पहुंचने पर बागबाहरा की ओर से आ रहे प्लेटिना के चालक अरूण गोड़ द्वारा अपने वाहन तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## सेंन्दबाहरा में लोकरागनी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम सेंन्दबाहरा में 11 अक्टूबर को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम (लोकरागनी मरोदा भिलाई)का रखा गया है। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नीलकंठ ठाकुर सर्व आदिवासी समाज की प्रांतीय उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य, अध्यक्षता नीलकमल नागेश सरपंच ग्राम पंचायत, अतिविशिष्ट अतिथि दीपक चंद्राकर जनपद सदस्य, प्रीतराम सिन्हा उपसरपंच, रुपनाथ बंजारे छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष, पुनितराम ठाकुर युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता, सेवकराम जगत सिरजन लोककला मंच के अध्यक्ष, केशर कुमार साहू सचिव, मोहेंद्र सिन्हा, ठाकुरराम चन्द्रकार, रंजनसिंह ध्रुव, नारायण सिन्हा, प्रेमसिंह जगत, नरेंद्र साहू(पटवारी)जागेश्वरी नागेश, मीना नागेश, ग्राम पटेल गुहनसिंह नागेश, ग्राम प्रमुख चमारसिंह नागेश, अवधराम नागेश, रमेश्वर सिंह नागेश, खामसिंग सोरी, खामसिंह जगत,घांसीराम नागेश, गैंदसिंह नागेश, हेमसिंग ओटी, सदाराम सोरी, नन्दलाल नागेश मंचसीन होगें। जिसको सफल बनाने में जय मां शीतला समिति एवं समस्त ग्रामवासी सेंन्दबाहरा जुटे हुए हैं।



## राजापड़ाव क्षेत्र में शिक्षकों कि की गई व्यवस्था

**गरियाबंद।** मैनपुर विकासखण्ड के राजापड़ाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन द्वारा विकास के विभिन्न कार्य क्रियान्वित किये जा रहे है तथा इस दूरस्थ अंचल के विकास के लिए प्रशासन सतत प्रयासरत है। शिक्षा विभाग द्वारा इस क्षेत्र में शिक्षकों की मांग को देखते हुए 6 शिक्षकों की व्यवस्था तथा 9 प्राथमिक शाला प्रधान पाठको कों पदोन्नत कर पदस्थ किया गया है। अधिकांश शालाओं में दर्ज संख्या कम होने की वजह से आनुपातिक रूप से कम शिक्षक पदस्थ है। तथापि आवश्यकतानुसार सतत रूप से शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य भी स्वीकृत एवं प्रगतिरत है। आरईएस से 09, ट्राइबल से 13 निर्माण कार्य किये जा रहे है तथा शिक्षा विभाग से लघु मरम्मत के 10 एवं दीर्घ मरम्मत के 18 कार्य प्रस्तावित है। जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र की मांगों पर गंभीरता पूर्व विचार करते हुए लगातार विकास के कार्य स्वीकृत किये जा रहे है तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर सुधार के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

## जिपं अध्यक्ष ने आर्केस्ट्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम ध्रुर्वागुड़ी में कचनाध्रुर्वा दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। बुधवार रात को ओड़िशा के प्रसिद्ध सम्बलपुरी पावर स्टार आर्केस्ट्र उमाकांत बारिक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्र के दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ गरियाबंद जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की नवरात्रि के अवसर पर यहां कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के लोगों का अच्छा सहायोग मिल रहा है। श्रीमती ठाकुर ने कहा की ओड़िसा सम्बलपुर के कलाकारों द्वारा यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। ग्राम ध्रुर्वागुड़ी में नवरात्र के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रभर के लोग शामिल हो ▶▶|शेष पेज 10 पर





## गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां हुई शामिल

# प्रतिभागियों को विधायक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मित्र महिला मंडल दुर्गावाहिनी के तत्वावधान में शहर के रानी धर्मशाला में 3 दिनों का सांस्कृतिक व पारंपरिक गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। इस आयोजन का समापन बुधवार को देर शाम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। विधायक ने माता की पूजा-अर्चना कर समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, डॉ. रामकुमार साहू, कमल सिन्हा, श्याम अग्रवाल, शरद पारकर मौजूद थे। देर शाम समापन के पश्चात गरबा में विजेता प्रतिभागियों को विधायक साहू ने पुरस्कृत और सम्मानित किया। बता दें कि इस आयोजन के पहला दिवस विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिन्हा, जनपद के पूर्व अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, पुरुषोत्तम दुबे, निखिल यादव, मुकेश साहू शामिल होकर मां भगवती रानी दुर्गावती की शस्त्र पूजा करते हुए शस्त्र लेकर गरबा शुभारंभ किया। दूसरे दिवस छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सुवा नृत्य पर आधारित गीतों के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल सहित पदमा दुबे, विकास तिवारी ,सुनील तिवारी ,रामकुमार साहू मौजूद थे आखिरी दिवस बुधवार को गुजराती नृत्य व पारंपरिक गीतों पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने मां दुर्गा की पूजा- अर्चना करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर देवकी साहू, जितेंद्र सोनकर, श्याम अग्रवाल, आयोजक समिति के प्रीति पांडे, विनीता शर्मा, खुशी साहू, मधु नत्थानी, मनीषा शर्मा, सरिता यादव, रेनू सेन, गायत्री साहू, सविता गोस्वामी, पूर्णिमा साहू, निराली यादव मौजूद थे।



## गरियाबंद एसपी बदले गए

**गरियाबंद।** राज्य शासन ने गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम का तबादला करते हुए एएसपी सुकमा निखिल अशोक कुमार राखेचा को नया पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया है। गृह विभाग से जारी आदेश में अमित तुकाराम को डीआईजी कांकेर पदस्थ किया गया है। वहीं उमेश कुमार गुप्ता सीएसपी बिलासपुर को एएसपी सुकमा, पूजा कुमार सीएसपी बिलासपुर को एएसपी बीजापुर पदस्थ किया गया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## महाराष्ट्र मंडल में गरबा समारोह आज

**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 11 अक्टूबर को अष्टमी पूजा के बाद रात्रि 8 बजे एक दिवसीय गरबा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष गीता दलाल के मुताबिक मंडल के आजीवन सभासदों के भारी मांग के चलते महाराष्ट्र मंडल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने सभी 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं, विभिन्न समितियों के प्रमुखों, सह प्रमुखों और सभी कार्यकारिणी सदस्यों को न केवल गरबा उत्सव में आमंत्रित किया है, बल्कि अपनी-अपनी टीमों को भी आयोजन स्थल पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में गरबा पारंपरिक परिधान में किया जाएगा। यह कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगा।

## राज्यपाल ने लोहारीडीह मामले में मांगी रिपोर्ट

**रायपुर।** कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह अग्निकांड मामले में राज्यपाल रामेन डेका ने संज्ञान लिया है। राज्यपाल के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्रवाई के बाद छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल के सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद 33 महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं।

## रावणभाठा में 60 फीट का जलेगा रावण



**रायपुर।** टिकरापारा के रावणभाठा मैदान पर इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति करने जा रही है। 12 अक्टूबर को शाम 4 से रात 8 बजे तक मैदान पर उत्सव का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव का ऐतिहासिक महत्व दूधाधारी मठ से जुड़ा है। 1610 में बिम्बाजी राव और बलभद्राचार्य द्वारा स्थापित दूधाधारी मठ से उत्सव की परंपरा जुड़ी है। यह शहर के अन्य दशहरा उत्सव से इसे खास स्थान दिलाता है। दूधाधारी मठ का यह सांस्कृतिक उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा व सचिव अमित साहू ने दी। उन्होंने बताया कि राम-रावण के युद्ध को दर्शाने के साथ क्षेत्र की जनता को धार्मिक और सामाजिक रूप से जोड़ने का प्रयास भी यह समिति करती है।

## चार नए जिला सहकारी बैंक शुरू करने की तैयारी

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के मापदंडों का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ में चार नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। महासमुंद तथा गरियाबन्द को मिलाकर नवीन बैंक, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा तथा शक्ति को मिलाकर एक नवीन बैंक, कांकेर तथा नारायणपुर को मिलाकर नवीन सहकारी बैंक एवं रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़ मिलाकर नवीन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोले जाएंगे। रायपुर स्थित न्यू-सर्किट हाउस, मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला में केंद्र सरकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सहकार से समृद्धि' विषय पर की गई पहल के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों के विषयों पर आयोजित की गई। गौरतलब है कि सहकारी बैंक द्वारा 8 लाख 36 हजार 597 किसानों को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए।


## बिडोरा, परसदाकला व खुड़सा में दुर्गा पूजा ...







**राजिम।** राजिम क्षेत्र के गांव-गांव में नवरात्र पर्व के अवसर पर बहुत ही धूमधाम के साथ पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा- अर्चना किया गया। ग्राम बिडोरा में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, खुड़सा के विद्यार्थी चौक में दुर्गा उत्सव समिति और परसदाकला के मौलीपारा में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा धूमधाम के साथ पूजा-अर्चना कर गांव के सुख समृद्धि के लिए कामना किया गया।



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शिव चौक में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया। पूरे मुहल्ले के लोग आठ दिनो तक धूमधाम से पूजा-आरती में शामिल हुए।



**राजिम।** बरोंडा शांति चौक में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया। पूरे मुहल्ले के लोग आठ दिनों तक धूमधाम से पूजा-आरती में शामिल हुए।

# दक्षिण के दंगल में दुर्ग और राजनांदगांव के नेताओं की एंट्री

## कहा- बाहरी नेताओं को हम पर थोपा, हमें भी दो टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक जिले के नेताओं को दूसरे जिलों में खूब टिकट दिया। अब रायपुर दक्षिण उपचुनाव में इसका साइड इफेक्ट कांग्रेस को ही भारी पड़ता नजर आ रहा है। राजनांदगांव और दुर्ग के कांग्रेस नेताओं ने भी रायपुर दक्षिण सीट पर दावेदारी ठोंक दी है। राजनांदगांव के सीनियर नेताओं ने डॉ. आफताब आलम को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिलकर टिकट की मांग की है।

- **पायलट, बैज, महंत, भूपेश से मिलकर की राजनांदगांव के नेता को टिकट की मांग**

वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मोतीलाल वोरा के भतीजे एवं अमृत संदेश के प्रधान संपादक गोविंद वोरा, रायपुर के पुत्र राजीव वोरा ने भी दक्षिण के दंगल में दावा ठोंक दिया है। राजनांदगांव के नेताओं ने कहा है कि तीन बार वहां बाहर के नेताओं को टिकट दिया गया। तब सभी नेताओं ने तन, मन, धन से कांग्रेस के पक्ष में काम किया। अब राजनांदगांव के नेता को भी रायपुर दक्षिण में अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर बाहरी नेताओं की दावेदारी ने दक्षिण के स्वाभाविक दावेदारों के बीच खलबली मचा दी है।



### तो हमें रायपुर से टिकट क्यों नहीं?

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री और राजनांदगांव के कद्दावर नेता कुतुबुद्दीन सोलंकी का कहना है कि अब तक करुणा शुक्ला, गिरीश देवांगन और भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया। रायपुर दक्षिण में अल्पसंख्यक समाज के वोट काफी अधिक हैं। ऐसे में डॉ. आफताब आलम को रायपुर दक्षिण से टिकट दिया जाना चाहिए।

### बाहरी पर जुबानी जंग भी

रायपुर दक्षिण में बाहरी नेताओं की दावेदारी को लेकर जुबानी जंग भी छिड़ गई है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसी को भी लड़ा ले, उसकी हार तय है। दूसरी ओर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि टिकट की दावेदारी का हक सबको है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेगी। किसे टिकट देना है, इसका फैसला हाईकमान करेगा।

### बाहरी दावेदार भाजपा में भी कम नहीं

रायपुर दक्षिण में बाहरी दावेदारों की एंट्री कांग्रेस में तो अभी हुई है, लेकिन भाजपा में बाहर के नेताओं की कमी नहीं है। संजय श्रीवास्तव, मीनल चौबे, अमित साहू, केदार गुप्ता भी दक्षिण विधानसभा के बाहर के हैं और वे भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। चूंकि भाजपा ने भी कुछ सीटों पर बाहरी प्रत्याशी लड़ाए हैं। इसलिए इन दावेदारों की उम्मीदें भी काफी अधिक है।

# छत्तीसगढ़ में 36 दिन में बने 36 लाख भाजपा सदस्य

## जहां नेटवर्क नहीं वहां ऑफलाइन बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा, 36 दिनों में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान को प्रदेशभर में जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। जो लोग ऑनलाइन सदस्य नहीं बन पा रहे हैं, उनकी मांग को देखते हुए अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का उत्साह देखकर यह लग रहा है कि आने वाले कुछ ही दिनों में 50 लाख से अधिक सदस्य बना लिए जाएंगे।

- **जल्द पार करेंगे 50 लाख की संख्या**

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने विशेष अभियान भी चलाकर सदस्यता के लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा समेत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद-विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर सदस्यता के लक्ष्य को पार करने में लगातार जुटे हुए हैं। सदस्यता अभियान को और तेज गति देने के लिए 6 और 7 अक्टूबर को एक बार पुनः विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें प्रदेश में 4 लाख सदस्य बनाए गए। अब तक ऑनलाइन सदस्य बनाने के बाद अब छत्तीसगढ़ में अब ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक भाजपा के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं।




### भाजयुमो की 20 रथ यात्राएं

इधर सदस्यता को गति प्रदान करने प्रदेश के सभी पांच संभागों से भारतीय जनता युवा मोर्चा की 20 रथ यात्राएँ प्रारंभ हो चुकी हैं। पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी अभियान की सफलता के लिए लक्ष्य सौंपकर जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा, नमो एप, वेब साइट की लिंक, रेफरल लिंक और मिस्ड कॉल के जरिए सदस्यता अभियान को गति देने के बाद पार्टी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ जिन क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं है या जिन लोगों को ऑनलाइन सदस्य नहीं बनाया जा सक रहा हो, वहाँ घर-घर सम्पर्क कर ऑफलाइन सदस्यता के अभियान में जुट गए हैं।

### हर मंडल में बनेंगे सक्रिय सदस्य

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने कहा कि इसी के साथ पार्टी के सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान भी शुरू होने जा रहा है। प्रत्येक मंडल में 200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

# घटारानी के दर्शन कर विधायक ने क्षेत्र के समृद्धि की कामना की



**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू शारदीय नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल घटारानी माता रानी के दरबार में पंचमी श्रृंगार उत्सव के अवसर पर दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने पूजाकर माथा टेका और क्षेत्र की विकास एवं सबके सुख समृद्धि की कामना की। विधायक के साथ जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, राजू साहू, किशोर साहू, संदीप पांडेय थे। सभी ने घटारानी कार्यलय पहुंच कर प्रबंध समिति से मुलाकात कर चर्चा किया।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 86 बच्चों ने कराया चेकअप

**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ लर्निंग एंड एंपावरमेंट द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एक बड़ी सफलता रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में 86 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच और उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने आकांक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से विशेष बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। आकांक्षा संस्थान के निदेशक साधना नायक ने कहा, हम इस शिविर की सफलता से बहुत खुश हैं। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत पटेल, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. नीति वर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदिति सिंह, दांतों के डॉक्टर डॉ. मोहित मानिक और रक्त जांच विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी।

# डीजे डांस स्पर्धा में तर्रा गोन्दी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम दूतकैंयां-खपरी में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता के आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा उड़ीसा एवं उत्तर प्रदेश से पहुंचे विभिन्न कलाकारों ने भाग लेकर अपनी कला कौशल का जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए लोक कला की सतरंगी छटा बिखेरी, जिसमें ग्रुप डांस में न्यू किरण डांस मंडली तर्रा गोन्दी- धमतरी ने 10000 रुपए का पहला इनाम जीता। गुरु बूटाना रायपुर की टीम 7000 रुपए का द्वितीय पुरुस्कार जीता और तृतीय स्थान पर जीएमपीआर ग्रुप गिरसुल-देवभोग ने 4000 रुपए का इनाम जीता। जानकारी के अनुसार युगल नृत्य में पवन-हीना रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर टाइटल ग्रुप बिलासपुर ने हासिल किया। तीसरे स्थान पर, मारो-मोहला-अंबिकापुर की टीम रहा। एकल नृत्य में काजल सेन मैनपुर ने पहला ईनाम जीता, श्रीजीत सिंह बनारस उत्तरप्रदेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सिंघनपुर झलप से पहुँचे विजय साहू ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। सभी विजेताओं को आयोजक मंडली द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। निर्णायक संतोष साहू, धनेश ध्रुव, श्रवण साहू थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुबाला रात्रे सभापति जिला पंचायत थी। अध्यक्षता पुष्पा-जगन्नाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में बेनराज सोनी, भारत यादव, ललित साहू, सतीश यादव मौजूद थे। संचालन लेखाचंद मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा संगठन के अध्यक्ष ईश्वर साहू, जितेंद्र यादव, सोमनाथ साहू, भूपेंद्र साहू, किरण यादव, मिथलेश यादव, लिलेस यादव का योगदान रहा।



# किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही लोकल तथा लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वालों की बसों में आ वा जा ही शुरू हो जाती है। लंबी दूरी की यात्रा को लेकर यात्रियों के साथ बस कंडक्टर के साथ टिकट किराया को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यात्रियों से अधिक किराया वसूली की शिकायत मिलने पर बसों में अनिवार्य रूप से किराया सूची चस्पा करने परिवहन विभाग ने निर्देश दिए हैं।

- **ज्यादा भाड़ा लेने की शिकायत पर परिवहन विभाग ने बसों में किराया सूची चस्पा करने दिए हैं निर्देश**

परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन तथा अफसरों ने मंगलवार तथा बुधवार को अभियान चलाकर बसों की जांच की। जांच के दौरान 76 बसों में किराया सूची चस्पा नहीं पाया गया। इसके चलते बस संचालकों से 55 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही मालवाहक वाहन में यात्री ढोने पर छह वाहन मालिकों से 21 हजार छह सौ रुपए जुर्माना वसूल करने के साथ वाहन जब्ती करने की कार्रवाई की गई। परिवहन अफसरों ने त्योहारी सीजन में नियमित बसों की जांच करने की बात कही। साथ ही परमिट नियमों का उल्लंघन करने पर परमिट निरस्त करने की चेतावनी दी है।



## बिजनेस साइट

### सिक्सथ गियर में नवरात्रि पर रॉयल इनफील्ड के बाइक्स की बुकिंग शुरू

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित रॉयल इनफील्ड के अधिकृत विक्रेता सिक्सथ गियर में नवरात्रि और धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों ने बाइक्स की बुकिंग शुरू कर दी है। इस समय ग्राहकों को क्लासिक- 350 और हंटर जैसी बाइक्स खासा आकर्षित कर रही हैं। शोरूम के संचालक अंकित जैन ने बताया कि ग्राहकों को हंटर बाइक मात्र 4999 रुपए की डाउन पेमेंट पर और क्लासिक- 350 को 10000 रुपए की डाउन पेमेंट में अपने घर ले जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा सैनिक और अर्धसैनिक बल के लिए कैंटीन सुविधा पर बाइक उपलब्ध कराई जा रही है। पुलिस, रेलवे पुलिस, सीआरपीएफ वालों को एक निश्चित छूट दी जा रही है। सिर्फ बाइक्स ही नहीं, शोरूम में रॉयल इनफील्ड की जैकेट्स, एसेसरीज, हेलमेट्स और स्पेयर पार्ट्स भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम ने भाटापारा और बीरगांव में दो फेस्टिव काउंटर भी खोले हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी शाखाएं रायपुर, कवर्धा, बलौदाबाजार और राजिम में भी स्थित हैं, जिससे ग्राहकों को इन बाइक्स की खरीदारी में कोई असुविधा न हो।




## पेज 9 के शेष...

### मवेशियों को जानबूझकर...

निर्देशित किया कि पशुओं के सींगों में रेडियम कलर लगाये ताकि आवारा एवं पालतू पशुओं का चिन्हांकन किया जा सके। साथ ही पालतु पशुओं के सींग में पीला रंग एवं आवारा पशुओं में लाल रंग का टैग लगाये। इस दौरान बैठक में पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनएच के अधिकारियों सहित पशु नियंत्रण हेतु गठित संयुक्त दल के सदस्यगण मौजूद रहे।

### महिला आरएचओ की...

करते हुए कहा कि चमेली दीवान को तत्काल रुवाड़ के उप स्वास्थ्य केंद्र मे महिला आरएचओ के पद पर कार्य करने के लिए वापस भेजा जाएगा कहा साथ मे ग्रामीणों ने जर्जर आंगनबाड़ी भवन के संबंध में जानकारी दी गई जिलाधीश अग्रवाल जी ने तत्काल संज्ञान लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उक्त भवन निर्माण कार्य को स्वीकृत कर सुविधा मुहैया कराने को कहा तब सभी ग्रामीणों ने जिलाधीश अग्रवाल को धन्यवाद दिया। इसमें शामिल प्रमुख रूप से पूर्व उप सरपंच भुवेन्द्र मरकाम, सरपंच श्रीमति हुमन बाई नागेश, पंच श्रीमति जानकी बाई, उप सरपंच विक्की ठाकुर,ग्राम पटेल कृष्ण कुमार ठाकुर, उप पटेल ऊदे राम नेताम, बिसाहू राम नेताम, मंशुलाल नागेश, गंगा राम, दयालु दीवान, भुनेश्वर निषाद,छबीलाल नेताम, श्याम सुन्दर, मंगलूराम, हीरालाल, भोजलाल कमलसिंह, धनेश्वर जगत, नरसिंह नेताम, भगवान सिंह, बोलोराम मरकाम, लीलधर, एवं अन्य कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिपं अध्यक्ष ने...

रहे है। इस मौके पर समिति उपाध्यक्ष रामप्रसाद नेताम, रूपचंद नेताम, कुवर सिंह पुजारी, संतोष गुप्ता, अजय यादव, शेख सलाबुद्दीन, ओंकार पर्वते, मनमोहन राजपूत, संतोष यादव, गोपाल राजू राजपुरोहित,मुकेश विजय जैन ,गिरीश गुप्ता ,मुरलीधर निधि, गोलू राजपूत ,बाबु सोनी ,भावेश महती ,महफूज ,दिनेश यादव, सोनू निषाद अतुल शुक्ला, खेमा सिन्हा, पवित्र सिन्हा, चीकू मिश्रा, राजा पांडे, सहदेव योगेश यादव दुर्जन धनंजय छोटू अश्विनी दीपक नरेंद्र नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# समय के साथ विभाग ने बदली डाक सेवाएं कोर बैंकिंग-स्पीड पोस्ट लोगों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय के साथ डाक विभाग ने लोगों की जरूरत के लिहाज से सेवाओं का विस्तार किया है। कोर बैंकिंग, स्पीड पोस्ट सहित कई तरह की नई सेवाएं विभाग लोगों को दे रहा है। इतना ही नहीं हर साल राष्ट्रीय डाक सप्ताह विभाग मनाता है। इसकी शुरुआत 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना और वर्षगांठ पर विश्व डाक दिवस 09 अक्टूबर को मनाने की परंपरा निभा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों की जरूरत को पूरा करने के साथ सामाजिक और आर्थिक विकास में लोगों को सहयोग करना है। इसके लिए विभाग हर संभव प्रयास भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री, सहायक डायरेक्टर जेएस पारथी और प्रवर अधीक्षक हरीश कुमार महावर ने यह जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने मुख्य डाकघर के सर्किल आफिस में आयोजित वार्ता में बताया कि विभाग सभी संभागीय कार्यालयों में 07 से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इसमें प्रतिदिन विषयवार आयोजन किए जा रहे है। इसमें ग्राहको को डाक विभाग द्वारा संचालित सभी सेवाओं के साथ ही नई सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है। बुधवार को विश्व डाक दिवस पर सभी कार्यालयों में बैनर, पोस्टर का प्रदर्शन किया जा रहा है। 'देशभर में लोगों को सशक्त बनाने तथा संचार को सक्षम बनाने के 150 वर्ष' की थीम के आधार पर पैदल यात्रा के माध्यम से 'फिट पोस्ट, फिट इंडिया' का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' के लिए वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 2024 में राज्य स्तर की विजेताओं कु. महिमा सिन्हा, कु. संस्कृति एवं कु. तनिष्का यादव को पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप



### जीवन अनमोल है इसे बेहतर ढंग से जिएं : डॉ. साहू

**नवापारा-राजिम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें मानसिक रोगियों की पहचान एवं उनके उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए डॉ. तेजेंद्र साहू ने बताया कि आज के युग में छात्रों द्वारा अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, युवाओं में बेरोजगारी के कारण , मानसिक अवसाद, तनावपूर्ण जीवन जीने के कारण, अत्यधिक नशा करने के कारण, आत्महत्या का प्रयास सबसे ज्यादा हो रहा है। लिहाजा युवाओं एवं लोगों में जन जागरूकता किया गया। डॉ. साहू ने कहा कि जीवन अनमोल है, इसे बेहतर ढंग से जीना चाहिए।

### भेण्डरी में राम सप्ताह का हुआ आयोजन



**नवापारा-भेण्डरी।** नवरात्रि के अवसर पर नवदुर्गा बाल समाज साहूपारा में पांच दिवसीय राम सप्ताह झांकी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जिसमें रात्रि में रोज दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। झांकी के माध्यम से मां दुर्गा के नौ रूपों का दर्शन मिल रहा है।

### डिप्टी कलेक्टर शुभम देव नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय स्थित पुराना शासकीय महाविद्यालय भवन परिसर मिनी स्टेडियम में संचालित नवकिरण अकादमी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने डिप्टी कलेक्टर शुभम देव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य भोरिंग द्वितीय



**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 73 एकलव्य विद्यालयों का संचालन किया जाता है, प्रतिवर्ष एकलव्य विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर किया जाता है, इसी कार्यक्रम के अनुसार पूरे राज्य के बच्चो को दो संभाग में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। जिसमें जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, बैडमिंटन, भाला फेंक, गोला फेंक जैसे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसमें जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने 23 गोल्ड, 20 सिल्वर, और 5 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है।

**आयोजन : लालगढ़ गोंड़ी धर्ममेला में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहुंचे**

# युवा शिक्षित होने के साथ अपने संस्कृति व संविधान को भी जाने : महेन्द्र नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 2 किलो मीटर दूर प्रमुख धार्मिक स्थल लालगढ़ पहाड़ी में गुरुवार को आदिवासी समाज द्वारा नवजात्र एवं गोंड़ी धर्म मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे शामिल होने आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान इष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर विशाल शोभा यात्र निकाली गई। कार्यक्रम में आदिवासी विकास परिसर के गरियाबंद जिला अध्यक्ष उमेंदी कोमर्रा, अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, वरिष्ठ आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, रोहित मरकाम विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान पहाड़ी क्षेत्र जय बुढ़ादेव के जयकारों से गुंज उठा। सैकड़ों लोगों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष उमेंदी कोमर्रा ने कहा की जल जंगल जमीन में पहला अधिकार आदिवासियों का है हमारे देवी देवता जंगल, झाड़ी, पहाड़ी में वास करते हैं। जल जंगल जमीन हमारा है श्री कोमर्रा ने कहा हमें अपने अधिकार पाने के लिये और अधिक जागरूक होना पड़ेगा, जिला पंचपायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा की आदिवासी समाज का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। जल, जंगल, जमीन पर भूमकाल से आदिवासी जन प्राकृतिक संसाधनों और वनों की रक्षा करते आ रहे हैं, लेकिन आज वन और आदिवासी संस्कृति खतरे में है। उन्होने आगे कहा हमें अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जागरूकता के साथ सामने आना होगा।

**पुस्तकी ज्ञान के साथ समाज की संस्कृति को भी जानना होगा**




वरिष्ठ आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा की आदिवासी समाज की एक अलग परंपरा व संस्कृति है समाज को विकास के मुख्य धारा पर ले जाने के लिये हमें सबसे ज्यादा ध्यान शिक्षा पर देना होगा श्री नेताम ने कहा की आज आदिवासी समाज के युवाओं को पुस्तकी ज्ञान के साथ समाज की संस्कृति को भी पढ़ना होगा संविधान को पढ़ना होगा। संविधान हमें हमारा अधिकार दिलाता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निरंजन मरकाम गरियाबंद, पुजारी पदम नेताम, लयसर ओटी, रबे सिंह नागेश, तारा सिंह, सहदेव ओटी, दौलत नेताम, गौवकरण नागेश, धनसिंह नेगी, वीर सिंह मरकाम, देव सिंह मरकाम, देवी सिंह नागेश, विष्णु नेताम, लुकेश्वरी ठाकुर, भीमसेन मरकाम, कन्हैया ध्रुव, गगन नेगी, गज्जू नेगी, सुभाष मरकाम, दौलत नेताम, प्रताप मरकाम, नोहर नेताम, परमेश्वर मरकाम, उदयलाल नागेश, सुरेश मरकाम, सुभद्रा नेताम, युवराज नेताम, खोगेश्वर नेताम, भावेश सोनु ओटी, मोती, रघुवर मरकाम, रोहन मरकाम, गोकर्ण नागेश, दया भाई मरकाम, मयना बाई मरकाम, मालती ध्रुव, खिलेशवरी, पारस बैतरीन नेताम कामेश्वरी ओटी, गगन नेगी, वासुदेव पिंकी ध्रुव, ललिता बाई, सानिया बाई, खेलन बाई, रुक्मणी ध्रुव जानवी ध्रुव, सुशीला बाई, पार्वती नेगी, खेलन, किसन नेताम, अनसूया वटी, रामली बाई, सुभद्रा बाई, मल्ती बाई, जैनती नेताम, जय मोती नेताम, चन्द्र सेन नेताम, श्रवण देवान, उदेलाल, नागेश, सहित पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के उपस्थित थे। इस दौरान आदिवासी सांस्कृति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

# समता क्लब ने 56वां स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था समता क्लब फिंगेश्वर का 56 व स्थापना दिवस 4 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समता क्लब फिंगेश्वर के संस्थापक घनश्याम यदु के द्वारा संस्था के क्रीड़ा ध्वज का झंडोतोलन किया गया। झंडोतोलन के पश्चात सभी सदस्यों ने समता क्लब अमर रहे के नारों लगाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में समता क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा संस्थापक घनश्याम यदु एवं संस्थापक सदस्य चंद्रशेखर हरित का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा नगर में क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के निर्माण करने के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं भी दी। संस्था के संस्थापक घनश्याम यदु ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों विशेष कर अपने संस्थापक सदस्य स्वर्गीय सनत कुमार चौबे, स्वर्गीय भोलाराम यदु,रामेश्वर सिंह ठाकुर, डॉ चंद्रशेखर हरित, स्वर्गीय भगवान सिंह पोर्ते ,स्व. कृपाराम श्रीवास, यदुवंदन श्रीवास ,स्व. कृष्ण कुमार यदु,स्वर्गीय मोहन यादव और स्व. डॉ. राधेश्याम हरित आदि को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए याद किया। इस अवसर पर भागवत हरित, डॉ. चंद्रशेखर हरित, रामू राम साहू, अमृत यदु उनके शिष्य रहे अशोक साहू, गायत्री परिवार के एचएल साहू, भागवताचार्य परमानंद यादव, रोशन देवांगन, कुंजन साहू, खेदु राम डडसेना, डॉक्टर, सुशांत हालदार, सोहनलाल सेन, अशोक साहू, दूजेलाल बंजारे, एवं तारिणी यदु सहित कई लोग उपस्थित हुए।

# जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं : विधायक ध्रुव

**विधायक ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर समस्याओं को सुना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज गुरूवार को क्षेत्र में सघन जनसमर्क किया दूरस्त वनांचलों के ग्रामों में विधायक जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के देवी मंदिरो व दुर्गा पंडालो में पहुंचकर विधायक ने पूजा कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना की और तो और विधायक जनक ध्रुव ग्रामीणों के साथ जसगीत माता सेवा करते नजर आए। ग्राम महेन्द्रगढ़, कसाबाय, कारीडोंगरी, मरदाकला, टीमनपुर, बेगरपाला, बुढ़ादेव मंदिर कसाबाय मैनपुकला, भाठीगढ़ जिड़ार पहुंचकर विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इस दौरान कई ग्रामीणों ने गांव में पेयजल सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य, अस्पताल, डॉक्टर जैसे बुनियादी समस्याओं से अवगत कराए तो तत्काल संबंधित विभाग के अफसरों को फोन लगाकर कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान कई ग्रामों में रंगमंच, सीसी रोड़ निर्माण के लिए राशि देने का भी अश्वासन दिया है।



देर शाम क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम में पहुंचकर विधायक ने पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होने कहा जल्द ही पैरी उदगम भाठीगढ़ पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जायेगा कार्य योजना तैयार हो चूका है इस दौरान ग्रामीणों ने भाठीगढ़ में आयोजित होने वाले देव दशहरा पर्व के संबंध में विधायक को अवगत कराया।

ध्रुव ने कहा की चुनाव के बाद से इन ग्रामों में पहुंचने के लिए कई बार कार्यक्रम बना लेकिन आज आने का अवसर मिला। उन्होने कहा क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हे विधायक चूना है जनता के हर उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आने वाले समय में यहां पक्की सड़क का निर्माण और पुल पुलिया का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से मानसिंह, घनश्याम नेताम, छबीराम, मानिकराम, ईश्वर सिंह, लक्ष्मणसिंह, दौलत राम, शिवकुमार जगत, पतिराम ध्रुव, सुबेराम ध्रुव, राजकुमार जगत, तीसराम ध्रुव, प्रेमनेताम, कांग्रेस के महामंत्री निहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, कांता ध्रुव, नेपाल सोरी, सीयाराम ठाकुर, तनवीर ठाकुर, नैनसिंह ध्रुव, नारद ध्रुव, डिगेश ध्रुव, जयसिंह नागेश, केशव नेताम, तुलसीराम, रमेश, भुपेन्द्र, शिवकुमार, कमलसाय, भुनेश्वर त्रगौतम नागेश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय के छात्र-एनसीसी कैडेट्स ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर नशीली दवाइयों एवं शराब की लत के खिलाफ 'नशा मुक्त भारत' अभियान चलाया। यह अभियान 27 छतीसगढ़ बटालियन कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार, लेफ्टीनेंट कर्नल प्रदीप कुमार मार्गदर्शन में चला। जिसमें व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के कुशल नेतृत्व में विद्यालय के छात्र सैनिकों ने नशा मुक्त का संकल्प लिया और नवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम, नवापारा, कोमा, कुम्ही, बकली, लोहरसी के दुर्गा पंडालों में जाकर मद्यपान, नशापान के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। पंडालों में स्वनिर्मित पोस्टर, नारों के साथ तंबाखू, नशीली दवाइयों, शराब आदि से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत दुष्प्रभावों और बीमारियों के बारे में जानकारी दी और इसी के साथ नशा छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने आग्रह किया। बच्चों के इस पहल पर लोगों ने दिलचस्पी दिखाई और नशे से होने वाली हानियों तथा छुटकारा पाने सवाल किया। जिसका छात्रों ने उचित जवाब दिया। इस जागरूकता अभियान में मोनिका देवांगन, माही सोनी, टोमिन सोनकर, गौरी पटेल, राधिका साहू, देविका देवांगन, ऋषभ सेन, भावेश देवांगन, देवव्रत सोनकर, गरिमा वर्मा,कोमा, कुम्ही , लोहरसी में योगमाया तारक,नेहा साहू, हिमांशी तारक, ईशा यादव,मोनिका साहू, दीक्षा तारक, प्रतिभा साहू शामिल थे।








Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)

वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर

MD आयुर्वेद (पुणे)

Timing- (11-8) by Appointment

Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564

पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव

INTL Ayurvedic Consultant

राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द


• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग


अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130



## कोपरा में दुर्गा उत्सव की धूम, भक्त माता की भक्ति में मगन



कोपरा। नवरात्रि पर्व पर कोपरा में माँ दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। नगर भर में दुर्गा उत्सव को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। दिन-रात श्रद्धालु माँ दुर्गा की आराधना में लीन हैं, मंदिरों में भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। नगर के प्रमुख शीतला मंदिर और गाड़ाही माता मंदिर में ज्योत ज्वारा प्रज्वलित कर किया गया है, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही मंदिरों में मां दुर्गा के भजन और कीर्तन गाए जा रहे हैं। भक्तों का कहना है कि नवरात्रि का यह पर्व उन्हें विशेष ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करता है। पड़ाही माता मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माँ दुर्गा के नौ रूपों की विधिवत पूजा की जा रही है। ज्योत प्रज्वलित करने के साथ ही विशेष हवन और माँ दुर्गा की महाआरती भी की जा रही है। दुर्गा पंडालों में सजीव प्रतिमाएं और थीम आधारित सजावट शहर में कई स्थानों पर भव्य दुर्गा पंडाल भी सजाए गए हैं। पंडालों की सजावट और मां दुर्गा की सजीव प्रतिमाएं भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। इस बार कई पंडालों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के संदेशों को भी थीम के रूप में शामिल किया गया है। शोभायात्रा का आयोजन नवरात्रि के अंत में, नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों भक्त माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### धान की बाली प्रकृति शक्ति को अर्पित कर समृद्धि की कामना की

**मुड़ागांव(कोरासी)।** नवाखाई पर्व साल में एक बार कुंवार माह में बड़े उत्सव के साथ मनाए जाते हैं। यह पर्व नय फसलों की कटाई का प्रतीक है। ग्राम मुड़ागांव के आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव, धनेश ध्रुव (कुंजाम) ने परिवार में पारंपरिक बाजा के साथ सभी परिवार मिलकर अपने घर की देवी देवताओं की पूजा किया गया। नवाखाई के एक दिन पहले परिवार के मुख्य उपवास रहते हैं और उसे शाम को साजा पेड़ की पूजा अर्चना साजा पेड़ का पत्ते और कोरिया पेड़ की पत्ते व साथ में नई फसल की बालियां लाते हैं, और उसके अगले दिन सभी परिवार एकजुट होकर अपने इष्ट देवी देवताओं को लाई हुई बालियों के चीवड़ा व खीर बना कर चढ़ते हैं। और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और सह परिवार चीवड़ा और खीर व भोजन प्रसाद साजा कोरिया के पत्ता में ग्रहण करते हैं।

### विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूरी में बसे ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के प्राथमिक शाला में गुरुवार को समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना किया गया। ज्ञात हो कि नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राथमिक शाला देहारगुड़ा में सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना के अवसर पर प्रथम दिवस कलश यात्र, रात्रि कालीन रामायण पाठ के साथ द्वितीय दिवस पंडित द्रोणाचार्य के हाथों विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश दीवान सपत्नी पूजा अर्चना में बैठे साथ में पूरे ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवन नेताम, पवन दीवान, डिगेश्वरी सांडे सरपंच, गोविंद पटेल प्राचार्य चित्रसेन पटेल प्रधान पाठक, ओमप्रकाश वैष्णव प्रधान पाठक, महेश राम दीवान, रामप्रसाद दीवान, जुगलाल दीवान, रोहन दीवान, छबिलाल, संजय दीवान, लीलाधर दीवान, ठाकुर राम, भारत के अलावा विद्यालयीन छात्र-छात्राएं पालकगण उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : पीएम आवास योजना के तहत हर गरीब का सपना हो रहा साकार

# प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर पक्की छत हो यही पीएम जनमन आवास का उद्देश्य : केशरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को आवास से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेम्हरा में गुरुवार को आवास मेला का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सेम्हरा में कुल 39 नवीन आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है। विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लिए कुल 19 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई। सभी हितग्राहियों ने योजना के तहत निर्मित। अपने आवासों को रंगोली एवं तोरण पताका से सजाकर इस पल के साक्षी बने। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मेला कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव थी। जनपद अध्यक्ष तोकेशवरी मांझी ने कहा कि जो व्यक्ति भी पिछले सर्वे के दौरान आवास सूची में शामिल नहीं हो पाये थे ऐसे गरीब और बेघर परिवार अब आगामी समय में अपना नाम सर्वे के माध्यम से जुड़वा पाएंगे। आवास योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है इसका मुख्य उद्देश्य हर गरीब को पक्का छत मुहैया करवाना है। वहीं मुख्य अतिथि रही केशरी ध्रुव ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर एक पक्का छत हो और उसका जीवन सुकून से भरा हो, यही पीएम जनमन आवास योजना का उद्देश्य है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व राज्य की विष्णुदेव सरकार गरीबों के सपने को साकार करने का काम कर रही है।



### आवास बनाने अर्थिक स्थिति बन रहा था रोड़ा

इस अवसर पर अच्छे कार्य किए जाने हेतु ग्राम रोजगार सहायक अनिल चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस योजना के हितग्राहियों ने बताया कि आर्थिक स्थिति के कारण हर किसी का सपना साकार नहीं हो पा रहा था। हमारे सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना वरदान साबित हो रही है। इसके लिए हम परिवार सहित प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों ने बताया कि पहले अपने पुश्तैनी कच्चे आवास में रहते थे। बरसात के मौसम में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शासन से अनुदान में मिली राशि से अपना पक्का मकान बनाकर अब वह अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहे हैं।



### गणेश राम एवं प्रेमलाल को दी गई चाबी

जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, दीपक चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत सेम्हरा नीलकमल नागेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा आरके ध्रुव, प्रधानमंत्री आवास योजना ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक, कपिल ध्रुव, पंचायत सचिव आदि शामिल रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में केशव चंद्राकर, प्रीत राम सिन्हा को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया साथ ही रेवती बाई संतोष साहू का भूमि पूजन एवं निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने पर रामेश्वरी बाई कमार, गणेश राम सिन्हा एवं प्रेमलाल ध्रुव को प्रतीकात्मक चाबी का वितरण करते हुए उनका विधिवत गृह प्रवेश कराया गया।

### पिछड़े वर्ग को ऊपर लाने का किया जा रहा काम

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना की शुरुआत देश के कमजोर जनजातीय समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है।इस योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस प्रकार पीएम जनमन आवास योजना लाभार्थियों के जीवन में न केवल सुधार ला रहा है, बल्कि पक्के मकान के सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई दिशा मिल रही है, जिससे समाज के पिछड़े वर्ग को ऊपर लाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में मुख्यकार्यपालन अधिकारी रूपकुमार ध्रुव व ब्लॉक समन्वयक ने विस्तारपूर्वक ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की एवं समय सीमा का ध्यान रख कर सुविधायुक्त आवास निर्माण की बारीकियों के बारे में बताया।



### भंडारा का प्रसाद पाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर घटारानी और जतमई मंदिरों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इसी तरह छुईहा से छुरा मुख्य मार्ग के घटारानी प्रवेश द्वार पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में खीर-पुड़ी की प्रसादी आम लोगों को बांटे गए। आयोजन परिवार सुबह 10 बजे से देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। प्रसादी पाने वाले शामिल में विशिष्ट व्यक्ति में विधायक राजिम रोहित साहू और जनप्रतिनिधि थे। उक्त आयोजन के सौजन्यकर्ता सेवानिवृत्त उपसंचालक समाज कल्याण विभाग रामजी सिन्हा द्वारा अपने स्वर्गीय पत्नी की स्मृति किया गया है। वहीं इनके द्वारा मुख्यमार्ग में आकर्षक विशाल प्रवेश द्वार बनाया गया। सफल बनाने सहयोग मे दुर्गा राम सिन्हा, प्रशान्त सिन्हा, नोवेल सिन्हा, कमल सिन्हा चित्ररेखा सिन्हा, दीपक, वीरनारायण, योगेश साहू, कृष्ण कुमार, भागीरथी सिन्हा, भेषमणि यादव, लेखनि ध्रव, खुमेश्वरी ध्रव, सेवती ध्रव व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किये।

# मैनपुर मंडल में भाजपा सदस्यता रथ का युवा मोर्चा ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के मैनपुर मंडल में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत सदस्यता रथ का गुरूवार को भव्य स्वागत किया। सदस्यता रथ भाजपा मंडल मैनपुर में पहुंची इस सदस्यता अभियान की रथ को भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप के उपस्थिति में भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप साहू ने पार्टी का झंडा दिखाकर भाजपा मंडल के विभिन्न बूथों के लिए रवाना किया गया तथा भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा मैनपुर मंडल के सभी वर्गों को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। यह एक शानदार पहल है, जो युवाओं को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप साहू,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप, भाजपा जिला मंत्री सरिता ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री थानसिंह निषाद, युवा मोर्चा जिला मंत्री घनश्याम मरकाम, तुलसी राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, आरटी आई जिला संयोजक रूपेश साहू, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी आशीष साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप, महामंत्री पुलस्त शर्मा, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर, युवराज साहब, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी उपस्थित रहे।



### लोक संस्कृति की धरोहर है सुवा नृत्य : ध्रुव

#### सारागांव में सुवा नृत्य का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत सारागांव में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को सुवा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर धुव, अध्यक्ष ता जनपद सदस्य श्री दीपक चद्राकर, विशेष अतिथि नीलकंठ ठाकुर, सरपंच गोकुल धुव, हरि नायक, कुंदन निर्मलकर, कुंजलाल यादव मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केशरी ध्रुव ने कहा कि सुवा हमारे लोक संस्कृति की धरोहर है। इसे हमें कभी नहीं भुलाना है। नीलकंठ ठाकुर ने भी नवरात्रि के संबंध में जानकारी दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिला, पुरूष भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# रक्तचाप और मधुमेह प्रबंधन पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा




आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा रक्तचाप और मधुमेह प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क वजन, ऊंचाई, बीपी, पल्स रेट, मधुमेह का चेकअप किया गया। इस शिविर के संयोजक राजेन्द्र कुमार साहू ने समस्त प्राध्यापकों, विद्यार्थीयों के साथ जागरूकता रैली एवं परीक्षण का कार्य सभी प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 56 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। रक्तचाप और मधुमेह प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम में मौखिक प्रस्तुति दी गई जिसमें मिथलेश साहू प्रथम पुरस्कार, टिकेंद्र कुमार साहू द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया गया। डॉ. अनुराग सिंह चौहान ने रक्तचाप और मधुमेह प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को जागरूकता प्रदान किया।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय केकुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने बताया कि हम सभी को जापान से कुछ सीखना चाहिए कि जापान में सायकल का प्रयोग किया जाता है। इसी भांति भारत के प्रत्येक नागरिक को कम से 20 मिनट तो सायकल चलाना चाहिए और 20 मिनट पैदल चलना चाहिए। भारत के सभी नागरिक को अपने खान-पान को सुधारना चाहिए। प्याज, सलाद और हरी सब्जियां को भोजन में स्थान प्रदान करना होगा तभी डायबिटीज मुक्त भारत का निर्माण होगा।

साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के संयुक्त कुल सचिव ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए और चिंता मुक्त होकर विद्यार्थियों को शिक्षा लेनी चाहिए और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव देने वाले जैसे मदिरा का सेवन, सिगरेट पीना, नशा को छोड़ना चाहिए। अपने जीवनचार्य, दिनचर्या, खान-पान को सुव्यवस्थित करना पड़ेगा तभी हम स्वास्थ्य रह पाएंगे। इस दौरान डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी उपस्थित थे।

### बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा व सात्विक भोजन की थाली रखकर लगाया भोग

# अष्टमी पर हुआ शीतला मंदिर में हवन व कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रसेला के शीतला मंदिर में मां शीतला, मां दुर्गा, मां काली, महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित के द्वारा मंत्रोचार के साथ हवन कर कन्या भोज भी कराया गया। शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन गुरुवार को देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती हुई। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। हवन के पश्चात माता के नौ रूपों को 9 प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर हुआ। मान्यता है कि कन्या भोज कराने से जीवन में भय, विघ्न और शत्रुओ का नाश होता है और समाज में भी नारी शक्ति को सम्मान मिलता है। सभी 9 कन्याओं का सबसे पहले जल से उनके पैर धोए। फिर साफ आसन पर उन्हें बैठाएं फिर बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा आदि सात्विक भोजन की थाली रखकर भोग लगाएं। पश्चात सबको श्रृंगार सामग्री चूडी, माला, बिंदी, नेलपालिश के साथ पैसे व श्रीफल देकर अंत में उनका आशीर्वाद लिया। जो लोग अष्टमी पर नौ कन्या भोज नहीं कर पाए वे नवमी पर नौ कन्या भोज कराएंगे। कुछ परिवारों में अष्टमी पूजन की परंपरा तो कुछ परिवार नवमी के दिन हवन पूजन कर नौ दिन के व्रत पारण करते हैं। साथ ही रसेला के शीतला मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी पर्व पर रसेला के व्यापारी संघ द्वारा भंडारे की प्रसादी भोजन कराया जाता है जिसमें सभी व्यापारियों बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है और खुद ही अपने हाथों से समस्त ग्रामवासियों और आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन परोसकर खिलाते हैं।





**नवरात्रि का व्रत कन्या पूजन के बिना अधूरा-** वहीं नवरात्रि का व्रत कन्या पूजन के बिना अधूरा माना जाता है। पंडित गोलू महाराज ने बताया कि इस बार अष्टमी और नवमी की तिथि एक ही दिन पड़ रही है। 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट से शुरू होगी और 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 6 पर समाप्त होगी। इसके बाद नवमी तिथि लग जाएगी जो 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 57 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, गांव के बैगा भागवत कोमर्रा, ज्ञान सिंह नागेश, नाथूराम ठाकुर, तामेश्वर मरकाम, दयाराम निषाद,धनेश्वर ठाकुर, रेखराम ध्रुव, जगदीश निर्मलकर, बिसाहू ठाकुर, डी आर यादव, संतराम नेताम, कमलेश्वर नायक, नंदूदास, धनीराम यादव, रामायण ठाकुर, राकेश कोमर्रा, राघवेन्द्र यादव, सहित ग्राम प्रमुख और व्यापारी संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

